[This question paper contains 16 printed pages.]

**Your Roll No................**

**Sr. No. of Question Paper : 7302** **J**

Unique Paper Code : 2412212401

Name of the Paper : Corporate Accounting

Name of the Course : **B.A. UGCF**

Semester : IV – Non-Major/Minor

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Part of the questions to be attempted together.
3. **All** questions carry equal marks.
4. Use of Simple Calculator is allowed.
5. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. प्रश्न के सभी भागों को एक साथ कीजिए ।
3. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. साधारण कैलकुलेटर उपयोग की अनुमति है ।
5. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

RAMANUJAN COLLEGE LIBRARY
Kalkaji, New Delhi-110019

P.T.O.

1. (a) (i) What is Debenture Redemption Reserve? How it is created? How can it be utilized? (5)

(ii) State three difference between bonus shares and right shares. (4)

(b) Applications were received for 18,000 shares. Excess application money was retained for adjustment against allotment money due on the shares allotted. All the calls were made and the amount due thereon was duly received with the exception of the first and final call money on 1,000 shares. The Board of Directors forfeited those shares and subsequently reissued 800 shares as fully paid up for ₹7 per share. Show necessary journal entries including cash. (9)

**OR**

(c) (i) Describe the utilization of security premium? (4)

(ii) Difference between Marked and Unmarked applications regarding Underwriting commission. (5)

(d) Ashu Ltd. invited 10,000, 12% debentures of ₹100 each at par payable ₹40 on application and ₹60 On allotment. Applications were received for 14,000 debentures out of which applications for 9,000 debentures were allotted fully, applicants for 2,500 debentures were allotted 1,000 debentures and remaining applications were rejected. All money were duly received. Journalize the transactions. (9)

2. (a) Define cash flow from Investing Activities. Also distinguish cash flow from Investing Activities and cash flow from Financing activities. (9)

(b) For each of the following transactions, calculate the resulting cash flow and state the nature of cash flow viz., operating, investing, financing or non-cash transaction.

(i) Dividend paid during the year include ₹35,000 as final equity dividend and ₹20,000 preference dividend

(ii) Investments costing ₹250,000 sold at the profit of 25%

(iii) Salaries of ₹3,75,000 paid to employees.

(iv) Buy-back of ₹15,000 equity shares at ₹20 each.

(v) A building was let out for commercial use and earned a rent of ₹15,50,000 during the year. (9)

**Or**

(c) Prepare the Balance Sheet of ABC Ltd. As required under Schedule III of the Companies Act 2013, as on 31 March 2024. Following balances are given :

| Accounts | Debit ₹ | Credit ₹ |
|---|---|---|
| Secured Term Loans | | 4,00,000 |
| Creditors | | 4,58,000 |
| 6% Debentures Account | | 10,80,000 |
| Provision for Tax | | 68,000 |
| Share Premium Account | | 1,90,000 |
| General Reserves | | 8,20,000 |
| Loans from Debtors | | 80,000 |
| Provision for (Doubtful) Debts | | 8,080 |
| Provision for Depreciation | | 2,00,000 |
| Equity Share Capital (12,000 x 10) | | 1,20,000 |
| 8% Preference Share Capital (4,000 x 100) | | 4,00,000 |
| Advances given | 1,48,800 | |
| Advances to staff | 22,000 | |
| Cash and Bank | 1,10,000 | |
| Loose Tools | 20,000 | |
| Investments | 90,000 | |
| Profit and Loss Account (Losses) | 1,20,000 | |
| Debtors | 4,90,000 | |
| Preliminary Expenses | 23,200 | |
| Stores Items | 1,60,000 | |
| Fixed Assets | 22,60,000 | |
| Capital Work-in-Progress | 80,000 | |
| Finished Goods Stock | 3,00,080 | |
| | **38,24,080** | **38,24,080** |

(9)

(d) Write differences between **any two** : (4.5×2=9)

(i) CRR and DRR

(ii) Interim dividend and Final dividend

(iii) Interest accrued and due & Interest accrued but not due

3. (a) (i) Net asset value ₹59,50,000

(ii) Equity Shares: A type: 1,00,000 shares of ₹10 each fully called up, out of this there are calls

(iii) arrears on 25,000 shares @ ₹2 per share

(iv) B type: 1,00,000 shares of ₹5 each fully paid up

Calculate intrinsic value of different classes of shares. (9)

(b) What do you mean by brand accounting. Describe the challenges in brand accounting. (9)

**OR**

(c) (i) Difference between EVA and MVA. (5)

(ii) Write short note on value added statement. (4)

(d) Compute the values of a preference share and an equity share of each of the companies S Ltd. and R Ltd. on the basis of following information :

| | **Company S** | **Company R** |
|---|---|---|
| Profit after tax | 10,00,000 | 10,00,000 |
| 12% preference Capital (₹100 each) | 10,00.000 | 20,00,000 |
| Equity Capital (₹10 each) | 50,00,000 | 40,00,000 |

Assume that market expectation is 15% and that 80% of the profit are distributed. (9)

4. (a) The Following is the Balance Sheet of Tophill Ltd. as at 31st March 2024 :

| | Particulars | Note No. | ₹. |
|---|---|---|---|
| I | | | |
| | **EQUITY AND LIABILITIES** | | |
| | **1. Shareholder's Funds** | | |
| | (a) Share Capital | | |
| | 20,000 Equity Shares of Rs. 100 each | | 20,00,000 |
| | (b) Reserve and Surplus | | |
| | Profit Prior to Incorporation | | 25,000 |
| | Surplus Account | | (19,80,000) |
| | **2. Non-Current Liabilities** | | |
| | (a) Long-term Borrowings-12% Debentures | | 5,00,000 |
| | Bank Loans | | 55,000 |
| | **3. Current Liabilities** | | |
| | (a) Trade Payables (Creditors) | | 3,00,000 |
| | (b) Other Current Liabilities (Outstanding Debenture Interest) | | 1,20,000 |
| | **Total** | | **10,20,000** |
| II | **ASSETS** | | |
| | **1. Non-Current Assets** | | |
| | (a) Property, Plant & Equipment (Tangible)-Land & Buildings | | 1,50,000 |
| | Plant & Machinery | | 3,00,000 |
| | Furniture | | 80,000 |
| | (b) Intangible Assets (Goodwill) | | 50,000 |
| | **2. Current Assets** | | |
| | (a) Inventories (Stock-in-trade) | | 3,50,000 |
| | (b) Trade Receivables (Sundry Debtors) | | 60,000 |
| | (c ) Cash and Cash Equivalents (Bank) | | 10,000 |
| | (d) Other Current Assets (Preliminary Expenses) | | 20,000 |
| | **Total** | | **10,20,000** |

The following scheme of reconstruction of executed :

(i) Equity shared are reduced to ₹5 per share. They are then consolidated into 10,000 shares of ₹10 each.

(ii) Debenture holders agree to forego outstanding debenture interest as a compensation 12% debentures are converted into 14% debentures.

(iii) Trade creditors are given the option to either accept 50% of their claim in cash in full settlement or to convert their claims into equity shares of ₹10 each. Creditors for ₹2,00,000 opt for shares in satisfaction of their claims.

(iv) To make payment to trade creditors opting for cash payment, to repay bank loan and to augment working capital, the company issues 50,000 equity shares of ₹10 each at par, the entire amount being payable along with application. The issue was fully subscribed.

(v) Land and Buildings are revalued at ₹2,25,000 whereas Plant and Machinery is written down to ₹1,85,000. A provision amounting to ₹5,000 is to be made for doubtful debts.

Pass necessary journal entries for internal reconstruction. (18)

**Or**

(b) What are the conditions to be satisfied in case amalgamation is in the nature of merger? (9)

(c) Distinguish between the procedure of recording transactions in the books of transferee company when :

(i) Amalgamation is in the nature of purchase

(ii) Amalgamation is in the nature of merger (9)

5. (a) What is sustainability reporting, and why has it become increasingly important for companies in recent years? (9)

(b) Discuss the challenges and limitations associated with CSR reporting, such as data collection, measurement, and stakeholder engagement. (9)

**Or**

(c) Discuss the key components of a sustainability report and the types of information typically included. (9)

(d) Explain the benefits of CSR reporting for companies, investors, and other stakeholders. (9)

1. (क) (i) ऋणपत्र मोचन आरक्षित निधि (Debenture Redemption Reserve) क्या है? इसे कैसे सृजित किया जाता है? इसका उपयोग कैसे किया जा सकता है? (5)

(ii) बोनस शेयर और राइट शेयर के बीच तीन अंतर बताइये। (4)

(ख) 18,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि को आबंटित शेयरों पर बकाया आवंटन राशि के विरुद्ध समायोजित करने के लिए रोक ली गयी। सभी कॉल पूरे हो गये और 1,000 शेयरों पर प्रथम और अंतिम कॉल मनी को छोड़कर उन पर देय राशि विधिवत प्राप्त हो गयी। निदेशक मंडल ने उन शेयरों को जब्त कर लिया और बाद में ₹7 प्रति शेयर के हिसाब से 800 शेयरों को पूर्ण भुगतान के रूप में पुन: जारी किया। नकदी सहित आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दर्शाइये। (9)

**या**

(ग) (i) सुरक्षा प्रीमियम (security premium) के उपयोगिता का वर्णन कीजिये? (4)

(ii) अंडरराइटिंग कमीशन के संबंध में चिह्नित और अचिह्नित आवेदनों के बीच अंतर। (5)

(घ) आशु लिमिटेड ने ₹100 मूल्य के 10,000, 12% ऋणपत्र आमंत्रित किए, जो कि ₹40 आवेदन पर तथा ₹60 आबंटन पर देय थे। 14,000 डिबेंचर के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से डिबेंचर के लिए 9,000 आवेदनों पर पूर्ण रूप से आबंटन किया गया, डिबेंचर के लिए प्राप्त 2,500 आवेदकों को 1,000 डिबेंचर आबंटित किए गए तथा शेष आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। सभी धनराशि विधिवत प्राप्त हुई। उपर्युक्त लेन-देनों को जर्नलाइज कीजिये। (9)

2. (क) निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह को परिभाषित कीजिये। निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह और वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह में अंतर बताइये। (9)

(ख) निम्नलिखित प्रत्येक लेनदेन के लिए परिणामी नकदी प्रवाह की गणना कीजिये और नकदी प्रवाह की प्रकृति जैसे परिचालन, निवेश, वित्तपोषण या गैर-नकद लेनदेन आदि बताइये।

(i) वर्ष के दौरान भुगतान किए गए लाभांश में ₹35,000 अंतिम इक्विटी लाभांश और ₹20,000 वरीयता (preference) लाभांश शामिल हैं।

(ii) ₹250,000 की लागत वाले निवेश को 25% लाभ पर बेचा गया।

(iii) कर्मचारियों को 3,75,000 रुपये वेतन दिया गया।

(iv) ₹20 प्रति शेयर के भाव पर ₹15,000 इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीद (Buy-back) की गयी।

(v) एक इमारत को व्यावसायिक उपयोग के लिए किराये पर दिया गया और वर्ष के दौरान उससे ₹15,50,000 किराया अर्जित किया गया। (9)

या

(ग) कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के तहत 31 मार्च, 2024 तक ABC Ltd. की बैलेंस शीट तैयार कीजिये। निम्नलिखित बैलेंस दिए गए हैं :

| लेखा (Accounts) | डेबिट ₹ | क्रेडिट ₹ |
|---|---|---|
| सुरक्षित अवधि ऋण (Secured Term Loans) | | 4,00,000 |
| लेनदार (Creditors) | | 4,58,000 |
| 6% डिबेंचर लेखा | | 10,80,000 |
| कर हेतु प्रावधान | | 68,000 |
| शेयर प्रीमियम लेखा (Share Premium Account) | | 1,90,000 |
| सामान्य आरक्षित निधि (General Reserves) | | 8,20,000 |
| देनदारों से ऋण | | 80,000 |
| (संदिग्ध) ऋणों के लिए प्रावधान | | 8,080 |
| मूल्यह्रास के लिए प्रावधान | | 2,00,000 |
| इक्विटी शेयर पूंजी (12,000 × 10) | | 1,20,000 |
| 8% वरीयता शेयर पूंजी (4,000 × 100) | | 4,00,000 |
| दिए गए अग्रिम | 1,48,800 | |
| कर्मचारियों को अग्रिम राशि | 22,000 | |
| नकदी और बैंक | 1,10,000 | |
| छोटे सस्ते सामान (Loose Tools) | 20,000 | |
| निवेश | 90,000 | |
| लाभ और हानि खाता (घाटा) | 1,20,000 | |
| देनदार (Debtors) | 4,90,000 | |
| प्रारंभिक व्यय | 23,200 | |
| स्टोर आइटम | 1,60,000 | |
| अचल संपत्तियां | 22,60,000 | |
| चल रही परियोजनाओं पर व्यय (Capital Work-in-Progress) | 80,000 | |
| तैयार माल स्टॉक | 3,00,080 | |
| | 38,24,080 | 38,24,080 |

(9)

(घ) किन्हीं **दो** के बीच अंतर लिखिए : (4.5×2=9)

(i) सीआरआर (CRR) और डीआरआर (DRR)।

(ii) अंतरिम लाभांश (Interim dividend) और अंतिम (Final) लाभांश।

(iii) अर्जित एवं देय (accrued and due) ब्याज और अर्जित ब्याज जो देय नहीं है (accrued but not due)।

3. (क) (i) शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य ₹ 59,50,000

(ii) इक्विटी शेयर: A प्रकार: ₹10 प्रत्येक के 1,00,000 शेयर जिसकी संपूर्ण राशि की मांग की गयी है (fully called up), इसमें से कुछ कॉल हैं।

(iii) 25,000 शेयरों पर ₹2 प्रति शेयर की दर से बकाया (arrears)

(iv) B प्रकार: ₹5 प्रति शेयर के 1,00,000 पूर्ण चुकता शेयर (fully paid up)

विभिन्न श्रेणियों के शेयरों के नीहित मूल्य (intrinsic value) की गणना कीजिये। (9)

(ख) ब्रांड अकाउंटिंग से आप क्या समझते हैं? ब्रांड अकाउंटिंग में आने वाली चुनौतियों का वर्णन कीजिये। (9)

**अथवा**

(ग) (i) ई.वी.ए. और एम.वी.ए. के बीच अंतर बताइए। (5)

(ii) मूल्य वर्धित विवरण (value added statement) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (4)

(घ) निम्नलिखित सूचना के आधार पर S Ltd. और R Ltd. कंपनियों में से प्रत्येक के एक वरीयता (preference) शेयर और एक इक्विटी (equity) शेयर के मूल्यों की गणना कीजिये :

| | कंपनी S | कंपनी R |
|---|---|---|
| कर पश्चात लाभ (Profit after tax) | 10,00,000 | 10,00,000 |
| 12: अधिमान्य (preference) पूंजी (₹100 प्रत्येक) | 10,00.000 | 20,00,000 |
| इक्विटी कैपिटल (₹10 प्रत्येक) | 50,00,000 | 40,00,000 |

मान लीजिये कि बाजार अपेक्षा (market expectation) 15% है और लाभ का 80% वितरित किया जाता है। (9)

4. (क) 31 मार्च 2024 को टॉपहिल लिमिटेड की बैलेंस शीट निम्नवत है :

| I | विवरण | नोट नं. | रूपये |
|---|---|---|---|
| | इक्विटी और देयता | | |
| | 1. शेयरधारक निधि | | |
| | (क) शेयर पूंजी | | |
| | 100 रुपये प्रति शेयर मूल्य के 20,000 इक्विटी शेयर | | 20,00,000 |
| | (ख) रिजर्व और अधिशेष | | |
| | निगमन (Incorporation) से पूर्व लाभ | | 25,000 |
| | अधिशेष खाता | | (19,80,000) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **2. दीर्घकालिक देयताएं (Non&Current Liabilities)** | | |
| | (क) दीर्घकालिक उधार- 12% डिबेंचर | | 5,00,000 |
| | बैंक के ऋण | | 55,000 |
| | **3. वर्तमान देयताएं** | | |
| | (क) व्यापार देयताएं (लेनदार) | | 3,00,000 |
| | (ख) अन्य वर्तमान देयताएं (बकाया डिबेंचर ब्याज) | | 1,20,000 |
| | **कुल** | | **10,20,000** |
| **II** | **परिसंपत्तियां** | | |
| | 1. दीर्घकालिक परिसंपत्तियां | | |
| | (क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (मूर्त)-भूमि और भवन | | 1,50,000 |
| | संयंत्र और मशीनरी | | 3,00,000 |
| | फर्नीचर | | 80,000 |
| | (ख) अमूर्त परिसंपत्तियां (गुडविल) | | 50,000 |
| | **2. वर्तमान परिसंपत्तियां** | | |
| | (क) इन्वेंटरी (स्टॉक-इन-ट्रेड) | | 3,50,000 |
| | (ख) व्यापार प्राप्य (विविध देनदार) | | 60,000 |
| | (ग) नकद और नकद समकक्ष (बैंक) | | 10,000 |
| | (घ) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियाँ (प्रारंभिक व्यय) | | 20,000 |
| | **कुल** | | **10,20,000** |

कंपनी की वित्तीय संरचना के पुनर्गठन (reconstruction of executed) की निम्नलिखित योजना है :

(i) इक्विटी शेयर को कम करके ₹5 प्रति शेयर कर दिया जाता है। फिर उन्हें ₹10 प्रति शेयर के 10,000 शेयरों में समेकित किया जाता है।

(ii) ऋणपत्र धारक, ऋणपत्र पर बकाया ब्याज को छोड़ने के लिए सहमत हो जाते हैं और क्षतिपूर्ति के रूप में 12% ऋणपत्रों को 14% ऋणपत्रों में परिवर्तित कर दिया जाता है।

(iii) व्यापार लेनदारों (creditors) को यह विकल्प दिया जाता है कि वे या तो अपने दावे के पूर्ण निपटान के लिये 50% नकद में स्वीकार करें या अपने दावों को ₹10 प्रत्येक के इक्विटी शेयरों में परिवर्तित कर दें। ₹2,00,000 के लेनदार अपने दावों की प्रतिपूर्ति के लिए शेयर चुनते हैं।

(iv) नकद भुगतान का विकल्प चुनने वाले व्यापार ऋणदाताओं (creditors) को भुगतान करने, बैंक ऋण चुकाने और कार्यशील पूंजी बढ़ाने के लिए, कंपनी ने ₹10 प्रत्येक के 50,000 इक्विटी शेयर सममूल्य पर जारी किए, जिनकी संपूर्ण राशि का भुगतान आवेदन के साथ किया जाना है। यह इश्यू पूरी तरह से सब्सक्राइब हुआ।

(v) भूमि और भवन का पुनर्मूल्यांकन ₹2,25,000 पर किया गया जबकि प्लांट और मशीनरी के

दर्ज मूल्य को कम करके ₹1,85,000 लिखा गया। संदिग्ध ऋणों के लिए ₹5,000 की राशि का प्रावधान किया जाना है।

आंतरिक पुनर्गठन के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ पास कीजिये। (18)

**अथवा**

(ख) यदि समामेलन (amalgamation) विलय की प्रकृति का है तो किन-किन शर्तों को पूरा किया जाना आवश्यक हैं? (9)

(ग) हस्तांतरित कंपनी की बही में लेनदेन रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया के बीच अंतर कीजिये जब :

(i) समामेलन (Amalgamation) खरीद की प्रकृति का हो।

(ii) समामेलन विलय की प्रकृति का हो। (9)

5. (क) संवहनीयता रिपोर्टिंग (sustainability reporting) क्या है और हाल के वर्षों में यह कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण क्यों हो गई है? (9)

(ख) सीएसआर रिपोर्टिंग से जुड़ी चुनौतियों और सीमाओं, जैसे डेटा संग्रह, माप और हितधारकों की भागीदारी, पर चर्चा कीजिये। (9)

**अथवा**

(ग) संवहनीयता रिपोर्ट के प्रमुख घटकों और आमतौर पर शामिल की जाने वाली जानकारी के प्रकारों पर चर्चा कीजिये। (९)

(घ) कंपनियों, निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए सीएसआर रिपोर्टिंग के लाभों की व्याख्या कीजिये। (९)

RAMANUJAN COLLEGE LIBRARY
Kalkaji, New Delhi-110019